# सीएसए का 22वां दीक्षा समारोह आज, 643 को मिलेगी डिग्री

## राज्यपाल करेंगी अध्यक्षता, नीति आयोग उपाध्यक्ष रहेंगे मुख्य अतिथि

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार को 22वां दीक्षा समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 643 छात्र-छात्राओं को डिग्री दी जाएगी। शैक्षणिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को 57 पदक दिए जाएंगे। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी, जबकि नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार बतौर मुख्य अतिथि रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही शामिल होंगे। दीक्षा समारोह मिशन शक्ति और आत्मनिर्भर भारत थीम पर आधारित रहेगा। रविवार को समारोह का रिहर्सल हुआ। विश्वविद्यालय परिसर को सजाया गया है।



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल • फाइल फोटो

### कंपनी बाग वाले गेट से होगा प्रवेश

समारोह सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक चलेगा। अतिथियों, छात्र छात्राओं और अन्य आमंत्रित लोगों का प्रवेश कंपनी बाग वाले गेट नंबर एक से होगा। बाकी सभी गेट सोमवार को बंद रहेंगे। गाड़ियों की पार्किंग डेयरी विभाग के पास की जाएगी। वहीं, पूर्वाभ्यास में कुलपति के रूप में गृह विज्ञान की डॉ. नीलिमा कुंवर मौजूद रहीं। कुलसचिव डॉ.सर्वेंद्र कुमार, डॉ. वेदरतन, डॉ. रविंद्र यादव शामिल रहे।

**News Expert**
9 hrs · Facebook for Android ·

643 छात्र छात्राओं को प्रदान की जाएगी डिग्री
कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में होने वाले 22 वे दीक्षांत समारोह का रविवार को पूर्वाभ्यास किया गया। विश्वविद्यालय के 22 वे दीक्षा समारोह के पूर्व कार्यान्वयन के पूर्वाभ्यास में कुलाधिपति के रूप में गृह विज्ञान महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ नीलिमा कुँवर रही। निदेशक शोध डॉ एच जी प्रकाश मुख्य अतिथि व डॉ करम हुसैन विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। जबकि कुलपति की भूमिका में कुलपति डॉ डीआर सिंह स्वयं उपस्थित रहे । समारोह के कार्यक्रम को लेकर विद्या परिषद के सदस्यों के साथ पूर्वाभ्यास को कई चरणों में दोहराया गया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नौशाद खान एवं डॉक्टर श्वेता यादव ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में 643 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 14 विश्वविद्यालय रजत पदक व 14 विश्वविद्यालय कांस्य पदक तथा 15 प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह की थीम नारी सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर है।उन्होंने कहा कि पदक विजेताओं में 45.61% छात्र तथा 54.39% छात्राएं हैं। इससे प्रतीत है कि उच्च शिक्षा के प्रति नारी शक्ति का रुझान तेजी से बढ़ रहा है।जो उनके सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है। पूर्वाभ्यास में कुलसचिव डॉ सर्वेंद्र कुमार, अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान डॉक्टर वेदरतन, डॉक्टर रविंद्र यादव, डॉक्टर आरपी सिंह, डॉक्टर सीपी सचान एवं मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। ( डॉ खलील खान), मीडिया प्रभारी, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर।









राष्ट्रीय सहारा
कानपुर • सोमवार • 22 मार्च • 2021


# एनएसएस छात्राओं का किया उत्साहवर्द्धन

**सात दिवसीय शिविर के समापन पर वीडियो प्रस्तुति के जरिए दी गई कार्यो की जानकारी**



शिविर में मौजूद एनएसएस छात्राएं। फोटो : एसएनबी

कानपुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना से संबद्ध छात्राओं के सात दिवसीय शिविर के समापन मौके पर कुलपति डॉ.डीआर सिंह भी पहुंचे व समाज सेवा कार्यों को लेकर छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। यहां विवि के डॉ.आरपी सिंह, डॉ.वेदरत्न, डॉ.मिथलेश वर्मा, डॉ.मुक्ता गर्ग, डॉ.सीमा सोनकर, डॉ.विनीता सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 के समन्वयक डॉ.अर्चना सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रश्मि सिंह व डॉ.संजीव कुमार सचान तथा डॉ. रेनू उपस्थित रहे। शिविर की सात दिन की गतिविधियों पर एक वीडियो प्रस्तुति भी दी गई। कुलपति ने कार्यों की सराहना की व शिविर कार्यक्रम को पुण्य का कार्य बताया।

उन्होंने सभी से योगा को अपनी प्रतिदिन की क्रिया में शामिल करने को लेकर भी प्रोत्साहित किया। शिविर के दौरान जहां विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियां संचालित की गईं, वहीं रक्तदान व श्रमदान जैसे कार्यक्रम भी संचालित किये गये। यहां छात्राओं ने शिविर के अपने अनुभव को भी साझा किया।

# सीएसजेएमयू व सीएसए में दीक्षांत समारोह आज

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

सीएसजेएमयू व सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में सोमवार को दीक्षांत समारोह प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में संपन्न होगा।

दोनों ही विवि में रविवार को दीक्षांत समारोह का रिहर्सल कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। दीक्षांत समारोह के होर्डिंग्स-पोस्टर से दोनों विवि सजे-धजे नगर आ रहे हैं व शिक्षकों-अधिकारियों सहित विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है।

**सीएसजेएमयू में 54 मेधावियों को मिलेंगे 88 पदक :** सीएसजेएमयू के 35 वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के डिप्टी सीएम व उच्च शिक्षा राज्यमंत्री डॉ.दिनेश शर्मा सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में एम्स ऋषिकेश के निदेशक रविकांत व प्रदेश की शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा कटियार भाग लेंगी। दीक्षांत समारोह में 54 मेधावियों को कुल 88 पदक दिये जायेंगे। इसके अलावा परिसर के 1487 विद्यार्थियों को भी उपाधि प्रदान की जायेगी। इनमें 766 छात्र, 721 छात्राएं एवं 31 पीएचडी शोधार्थी हैं।



सीएसए में दीक्षांत समारोह का रिहर्सल करते कुलपति डॉ. डीआर सिंह तथा राज्यपाल बनीं प्रोफेसर नीलिमा कुंवर। फोटो : एसएनबी

**सीएसए कृषि विवि में बटेंगी 643 डिग्रियां :** सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के 22 वें दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व विशिष्ट अतिथि नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार होंगे। यहां कुल 57 विद्यार्थियों को विभिन्न पदक दिये जायेंगे। पदक पाने वाले विद्यार्थियों में 26 छात्र व 31 छात्राएं शामिल हैं। कुल 643 डिग्रियां दी जानी हैं।

**रिहर्सल में बनाये गये डमी राज्यपाल व अतिथि :** दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम टच देते हुए रविवार को समारोह को रिहर्सल किया गया। इस अवसर पर प्रतीकात्मक शोभा यात्रा निकाली गई व डमी राज्यपाल व अतिथि बनाते हुए अतिथियों के सम्मान व विद्यार्थियों को मेडल व डिग्रियां वितरित करने का रिहर्सल किया गया।

सीएसजेएमयू में प्रो. आरसी कटियार राज्यपाल व प्रो. संजय स्वर्णकार रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका में रहे। सीएसए के रिहर्सल में प्रो.नीलिमा कुंवर को राज्यपाल बनाकर रिहर्सल किया गया। कुलपति की भूमिका में कुलपति डॉ.डीआर सिंह स्वयं मौजूद रहे व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि की भूमिका का निर्वहन डॉ.एचजी प्रकाश व डॉ.करम हुसैन ने किया। रिहर्सल को कई चरणों में दोहराया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का कुलपति ने किया समापन

दैनिक सत्ता एक्सप्रेस

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन 21 मार्च 2021 को समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुलपति डॉ.डी.आर.सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.आर.पी.सिंह, अधिष्ठाता गृह विज्ञान संकाय डॉ. वेद रतन , डॉ. मिथलेश वर्मा, डॉ. मुक्ता गर्ग, डॉ.सीमा सोनकर,डॉ. विनीता सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 समन्वयक डॉ. अर्चना सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि सिंह व डॉ. रेनू उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना की प्रस्तुति के द्वारा किया गया। इसके बाद स्वागत गीत , नारी सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक, जयशंकर प्रसाद की बहुत ही सुन्दर कविता और कोरोना वायरस की कहानी को एक बहुत ही रोमांचक प्रस्तुति के द्वारा प्रदर्शित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के इस सप्त दिवसीय शिविर को एक वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया, जिसमें दिखाया गया कि छात्राओं ने किस प्रकार योगा, निबंध लेखन, विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण, पोस्टर प्रतियोगिता, रक्तदान, श्रमदान,अग्निहोत्र व अन्य प्रकार के कार्यक्रम किए। इसके बाद अधिष्ठाता गृह विज्ञान संकाय डॉ वेद रतन ने शुभकानाएं दी।माननीय कुलपति महोदय ने सभी प्रस्तुतियों की सराहना की और सात दिनों के शिविर कार्यक्रम को पुण्य का काम बताया।उन्होंने कहा सभी लोग योगा को अपनी प्रतिदिन की क्रिया में सम्मिलित करें और नुक्कड़ नाटक के जरिए इसी प्रकार समाज की कुरुतियों को दूर करने का निरंतर प्रयास करते रहें। इसके उपरांत सभी ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत गाया कार्यक्रम अधिकारी डॉ, रश्मि सिंह ने सफल सप्त दिवसीय शिविर के लिए उपस्थित सभी अधकारियों व छात्राओं को धन्यवाद किया।इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजीव कुमार सचान ने भी शिविर की सराहना की और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया अंत में छात्राओं ने सप्त दिवसीय शिविर के अनुभव को भी साझा किया।

## परिषदीय स्कूलों की दीवारों पर लिखे जायेंगे प्रबंध समिति के सदस्यों के नाम

दैनिक सत्ता एक्सप्रेस कानपुर देहात। बेसिक शिक्षा परिषद के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की दीवारों पर प्रबंध समिति सदस्यों के नाम, पदनाम और मोबाइल नंबर दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके लिए प्रत्येक बिद्यालय को एक हजार रुपये की राशि दी गई है। उपभोग प्रमाणपत्र भी 25 मार्च तक राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। राज्य परियोजना निदेशक विजय किरन आनंद की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अवमुक्त राशि को तीन कार्य दिवसों के अंदर विद्यालय प्रबंध समिति के खातों में हस्तांतरित करते हुये वॉल राइटिंग का कार्य प्रत्येक दशा में 20 मार्च तक पूरा कराया जाये। वहीं यह आदेश 20 मार्च को जारी किया गया है और इसी दिन काम पूरा कराने के निर्देश दिये गये हैं। इसको लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं कि उसी दिन काम कैसे पूरा हो सकता है। हालांकि विजय किरन आनंद का कहना है कि संबंधित आदेश पूर्व में ही जारी किया जा चुका है। उसके क्रम में ही नया आदेश जारी किया गया है क्योंकि अभी तक इसकी सूचना विभिन्न जनपदों के बीएसए द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

News Expert - सप्त दिवसीय विशेष शिविर का ...

News Expert
9 hrs · Facebook for Android

सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन
कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय कुलपति महोदय डॉ. डी. आर. सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आर. पी. सिंह. , अधिष्ठाता गृह विज्ञान संकाय डॉ. वेद रतन , डॉ. मिथलेश वर्मा, डॉ. मुक्ता गर्ग, डॉ.सीमा सोनकर,डॉ. विनीता सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 समन्वयक डॉ. अर्चना सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि सिंह व डॉ. रेनू उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना की प्रस्तुति के द्वारा किया गया। इसके बाद स्वागत गीत , नारी सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक, जयशंकर प्रसाद की बहुत ही सुन्दर कविता और कोरोना वायरस की कहानी को एक बहुत ही रोमांचक प्रस्तुति के द्वारा प्रदर्शित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के इस सप्त दिवसीय शिविर को एक वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया, जिसमें दिखाया गया कि छात्राओं ने किस प्रकार योगा, निबंध लेखन, विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण, पोस्टर प्रतियोगिता, रक्तदान, श्रमदान,अग्निहोत्र व अन्य प्रकार के कार्यक्रम किए। इसके बाद अधिष्ठाता गृह विज्ञान संकाय डॉ वेद रतन ने शुभकानाएं दी।माननीय कुलपति महोदय ने सभी प्रस्तुतियों की सराहना की और सात दिनों के शिविर कार्यक्रम को पुण्य का काम बताया।उन्होंने कहा सभी लोग योगा को अपनी प्रतिदिन की क्रिया में सम्मिलित करें और नुक्कड़ नाटक के जरिए इसी प्रकार समाज की कुरुतियों को दूर करने का निरंतर प्रयास करते रहें। इसके उपरांत सभी ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत गाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ, रश्मि सिंह ने सफल सप्त दिवसीय शिविर के लिए उपस्थित सभी अधकारियों व छात्राओं को धन्यवाद किया।इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजीव कुमार सचान में भी शिविर की सराहना की और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। अंत में छात्राओं ने सप्त दिवसीय शिविर के अनुभव को भी साझा किया।




हिन्दुस्तान

## सीएसजेएमयू और सीएसए विवि का दीक्षांत समारोह आज

# 103 मेधावी होंगे सम्मानित

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

दीक्षांत में सोमवार को 103 मेधावियों को 145 पदकों से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें सीएसजेएमयू के 54 छात्रों के 88 पदक और सीएसए विवि के 49 छात्रों के 57 पदक शामिल हैं। इसी तरह, सीएसजेएमयू के 1,90,207 छात्र और सीएसए विवि के 643 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। सोमवार को सीएसजेएमयू व सीएसए दोनों का दीक्षांत समारोह है।

सीएसजेएमयू के ऑडिटोरियम में रविवार को दीक्षांत का रिहर्सल हुआ। सह मीडियाप्रभारी डॉ. विवेक सचान ने बताया कि राज्यपाल की भूमिका में प्रो. आरसी कटियार, उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा की भूमिका में प्रो. संजय स्वर्णकार, राज्यमंत्री नीलिमा कटियार की भूमिका में साधना श्रीवास्तव, डॉ. रविकांत की भूमिका में प्रो. मुनेश कुमार ने शोभा यात्रा में हिस्सा लिया और उपाधि व पदक देने से लेकर पूरा रिहर्सल किया। संगीत विभाग की छात्राओं ने राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का रिहर्सल किया। अतिथियों को मोमेंटो भी दिया गया। इसी तरह, सीएसए विवि में भी लगातार दूसरे दिन दीक्षांत का कई राउंड रिहर्सल हुआ। हेलीपैड से लेकर राज्यपाल व अन्य अतिथियों के स्वागतस्थल तक का रिहर्सल किया गया। इसके बाद कुलपति प्रो. डीआर सिंह ने तैयारी का निरीक्षण किया। समारोह में फाइन आर्ट के छात्र 20 फीट की रंगोली तैयार करेंगे। सोमवार को सीएसए विवि में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही रहेंगे। वहीं, सीएसजेएमयू में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री नीलिमा कटियार, एम्स ऋषिकेष के निदेशक व पद्मश्री डॉ. रविकांत रहेंगे।

## दीक्षांत संग गंगा आरती में शामिल होंगी राज्यपाल

कानपुर। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सोमवार सुबह शहर आकर रात में सर्किट हाउस में रुकेंगी। वह करीब सुबह 10 बजे से सीएसए के हेलीपैड पर पहुंचेंगी। सीएसए के दीक्षांत समारोह में शामिल होकर वह सीधे सीएसजेएमयू के दीक्षांत समारोह में दो बजे पहुंचेंगी। वहां से शाम साढ़े छह बजे गंगा आरती के लिए पत्थर घाट जाएंगी। मंगलवार सुबह नौ बजे जाजमऊ में अपनी रोटी कार्यक्रम में शामिल होकर चकेरी एयरपोर्ट से सुबह साढ़े नौ बजे कन्नौज हेलीपैड के लिए रवाना हो जाएंगी। वहीं, डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा भी सोमवार को पूरा दिन कानपुर में रहेंगे। शाम को सात बजे लखनऊ को वह रवाना हो जाएंगे।

अमर उजाला
सोमवार • 22.03.2021 05
kanpur.amarujala.com

# दीक्षांत समारोह आज, बरसेंगे पदक

## सीएसए में मेधावियों को मिलेंगे 57 पदक

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार को होने वाले 22वें दीक्षांत समारोह के लिए रविवार को दोबारा रिहर्सल किया गया। कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने बताया कि सुबह 10:30 से 12:30 तक होने वाले समारोह में 643 छात्रों को डिग्रियां दी जाएंगी।

14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 14 विवि रजत, 14 विवि कांस्य तथा 15 प्रायोजित स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। समारोह की थीम नारी सशक्तीकरण एवं आत्मनिर्भर है। पदक विजेताओं में 45.61 प्रतिशत छात्र और 54.39 प्रतिशत छात्राएं हैं। मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि अतिथियों, छात्रों आदि का प्रवेश कंपनी बाग वाले गेट नंबर एक से होगा। बाकी सभी गेट सोमवार को बंद रहेंगे। पूर्वाभ्यास में प्रोफेसर डॉ. नीलिमा कुंवर, डॉ. सर्वेंद्र कुमार, डॉ. वेदरतन, डॉ. रविंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## विवि में 54 छात्रों को मिलेंगे पदक

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विवि का दीक्षांत समारोह सोमवार को होगा। इसमें 54 छात्रों को 88 पदक दिए जाएंगे। कुलाधिपति स्वर्ण और रजत पदक अंकित गुप्ता और कुलाधिपति रजत शैलजा जायसवाल को मिलेगा। रविवार को विवि में दीक्षांत समारोह की रिहर्सल की गई। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा और विशिष्ट अतिथि ऋषिकेश एम्स के निदेशक डॉ. रविकांत होंगे। सह मीडिया प्रभारी डॉ. विवेक सचान ने बताया कि फाइन आर्ट्स के छात्र छात्राएं 20 फीट लंबी रंगोली तैयार करेंगे जिसमें राज्य सरकार की चार साल की उपलब्धियों का जिक्र किया जाएगा। (ब्यूरो)

## नारी सशक्तीकरण पर नुक्कड़ नाटक

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय(सीएसए) में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में नारी सशक्तीकरण पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। साथ ही जयशंकर प्रसाद की सुंदर क़विता और कोरोना वायरस की कहानी को एक बहुत ही रोमांचक प्रस्तुति के द्वारा प्रदर्शित किया गया। छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। कुलपति डॉ. डीआर सिंह डॉ. आरपी सिंह, डॉ. वेद रतन, डॉ. सीमा सोनकर, डॉ. अर्चना सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

आज
कानपुर 22 मार्च 2021 2

# राज्यपाल बांटेगी मेधावियों को पदक व उपाधियां

कानपुर, 21 मार्च। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैलाश भवन में आयोजित सोमवार को होने वाले 22वे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा मेधावियों को गोल्ड मेडल के साथ ही 643 छात्र-छात्राओं को उपाधियां भी वितरित की जायेगी। दीक्षान्त में राज्यपाल, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य अतिथि के अलावा अन्य गणमान्य अतिथि भी सामिल होंगे। रविवार को दीक्षान्त का रिहर्सल के दौरान कुलाधिपति के रूप में गृह विज्ञान महाविद्यालय की प्रो डॉ नीलिमा कुँवर रही और निदेशक शोध डॉ एच जी प्रकाश मुख्य अतिथि व डॉ करम हुसैन विशिष्ट अतिथि के रुप में नजर आये। साथ ही कुलपति की भूमिका में कुलपति डॉ डीआर सिंह स्वयं उपस्थित रहे। 22 मार्च को होने वाले दीक्षान्त समारोह के कार्यक्रम को लेकर विद्या परिषद के सदस्यों के साथ पूर्वाभ्यांस को कई चरणों में दोहराया गया। सुबह 10.30 बजे राज्यपाल, कुलपति के साथ विभागाध्यक्षो के साथ शोभायाता सभागार पहुंचेगी। इसके बाद भव्य मंच से राज्यपाल द्वारा मेधवियों को मेडल व उपाधियां वितरित की जायेगी। समारोह में 643 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मेधावियों को 14 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 14 विश्वविद्यालय रजत पदक व 14 विश्वविद्यालय कांस्य पदक तथा 15 प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डा डीआर सिंह ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह की थीम नारी सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि पदक विजेताओं में 45.61 प्रतिशत छात्र तथा 54.39 प्रतिशत छात्राएं हैं। रिहर्सल के दौरान सीएसए के कुलसचिव डॉ सर्वेंद्र कुमार, डॉ वेदरतन, डॉ रविंद्र यादव, डॉ आरपी सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. नौशाद खान और डा. स्वेता यादव ने किया।



समारोह की तैयारियां करते कर्मचारी।